शैक्षिक सत्र–2026–27
विषय–वाणिज्य
कक्षा–10

इस विषय में 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा।

लिखित परीक्षा हेतु अंक विभाजन निम्नवत् है :–

इकाई–1 अन्तिम खाते–

व्यापार तथा लाभ–हानि खाता एवं आर्थिक चिट्ठा सामान्य समायोजन सहित। बुक, पास बुक एवं रोकड़ बही का बैंक समाधान विवरण–पत्र। चेक, बिल, हुण्डी व प्रतिज्ञा–पत्र सम्बन्धित साधारण लेखें। **20 अंक**

इकाई–2 व्यापार प्रणाली–

नस्तीकरण, अनुक्रमणिका संदेश वाहक प्रणालियाँ। व्यापारिक कार्यालय में श्रम व समय बचाने वाले यंत्र जैसे पंच मशीन, समय रिकॉर्ड मशीन, फोटोस्टेट मशीन, टाइप–राइटर, कैलकुलेटर की साधारण प्रयोग सम्बन्धी जानकारी। देशी व्यापार–थोक व फुटकर व्यापार, बीजक व विक्रय विवरण।

इकाई–3 अधिकोषण तत्व–

बैंक–जन्म, परिभाषा, कार्य एवं महत्व। भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक, व्यापारिक बैंक, सहकारी बैंक, देशी बैंकर का सामान्य अध्ययन। **15 अंक**

इकाई–4 अर्थशास्त्र–

उपयोगिता ह्रास नियम, व्यय व बचत–आशय, पारस्परिक सम्बन्ध, बचत का सामाजिक महत्व। उत्पत्ति के साधन, आशय, विशेषतायें एवं महत्व। **15 अंक**

निर्धारित पाठ्य–पुस्तक–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य एवं आंतरिक मूल्यांकन **30 अंक**

नोट :– दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई दो प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। शिक्षक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 10 अंक का होगा। शेष 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर यूनिट टेस्ट द्वारा होगा।

1–काल्पनिक आंकड़ों के आधार पर व्यापार खाते का नमूना।
2–अन्तिम खाते बनाते समय विभिन्न समायोजनाओं का विवेचन।
3–बैंक समाधान विवरण कब एवं क्यों बनाया जाता है ?
4–रोकड़ बही एवं पासबुक बही में अन्तर के कारण।
5–चेक एवं चेक का रेखांकन।
6–नस्तीकरण की प्रणालियाँ।
7–कार्ड अनुक्रमणिका का वर्णन।
8–चेक एवं चेक का अनादरण।
9–शीघ्र संदेश भेजने का साधन।
10–समय एवं श्रम बचाने वाले यंत्र।
11–फुटकर व्यापार का वर्गीकरण।
12–बैंक का उदय या विकास।
13–रिजर्व बैंक के कार्य।
14–स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के कार्य।
15–उपयोगिता ह्रास नियम की व्याख्या।
16–उत्पत्ति के साधन।

शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन–		30 अंक
1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन – (प्रोजेक्ट कार्य एवं परीक्षा)	अगस्त माह	10 अंक
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन –(प्रोजेक्ट कार्य एवं परीक्षा)	दिसम्बर माह	10 अंक
3–तृतीय आन्तरिक मूल्यांकन–(चार यूनिट टेस्ट आधारित)		10 अंक
(i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)	जुलाई द्वितीय सप्ताह	20 अंक

(10 अंक ग्रीष्मावकाश ग्रहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट)

(ii) द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) अगस्त अन्तिम सप्ताह 20 अंक

(iii) तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) नवम्बर अन्तिम सप्ताह 20 अंक

(iv) चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) दिसम्बर अन्तिम सप्ताह 20 अंक

नोटः—चारों यूनिट टेस्ट के प्राप्तांकों के योग को 10 अंक में परिवर्तित किया जाय।